पंजीकरण संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2015–17

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–17] रुड़की, शनिवार, दिनांक 04 जून, 2016 ई0 (ज्येष्ठ 14, 1938 शक सम्वत्) [संख्या–23

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा
		रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	–	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	289–312	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य-विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	521–524	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	–	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	–	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	–	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	–	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	–	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़-पत्र आदि ...	–	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

सचिवालय प्रशासन (अधि0) अनुभाग–4

प्रोन्नति / विज्ञप्ति

06 मई, 2016 ई0

संख्या 468 / XXXI(4) / 16–03(विविध) / 2015–उत्तराखण्ड सचिवालय सेवा के लेखा संवर्ग के अन्तर्गत श्री सुनील कौशिक, समीक्षा अधिकारी (लेखा) को नियमित चयनोपरान्त अनुभाग अधिकारी (लेखा) वेतनमान ₹ 15600–39100 ग्रेड पे ₹ 5400 / – के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अस्थाई रूप से प्रोन्नत किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय, सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. उक्त अधिकारी को अनुभाग अधिकारी (लेखा) के पद पर 01 वर्ष की विहित परिवीक्षा पर रखा जाता है।

3. श्री सुनील कौशिक को पदोन्नति के उपरान्त उनकी तैनाती के स्थान सचिवालय प्रशासन (लेखा) अनुभाग–5 में तैनात किया जाता है।

4. उक्त प्रोन्नति अस्थाई है तथा भारत सरकार द्वारा राज्य परामर्शीय समिति की संस्तुतियों के अनुसार यदि उ0 प्र0 सचिवालय के अन्य कार्मिक उत्तराखण्ड राज्य को आवंटित होते हैं तो तद्क्रम में वरिष्ठता प्रभावित होने की स्थिति में इन आदेशों को तत्क्रम में निर्धारित होने वाली वरिष्ठता के आधार पर यथावश्यक परिवर्तित / प्रत्यावर्तित किया जायेगा।

आज्ञा से,

डा0 रणवीर सिंह,
अपर मुख्य सचिव।

उद्यान एवं रेशम अनुभाग–1

तैनाती / विज्ञप्ति

11 मई, 2016 ई0

संख्या 1025 / XVI-1 / 16 / 1(5) / 2015–शासन के विज्ञप्ति संख्या–174 / XVI-1 / 16 / 1(5) / 2015, दिनांक 13 जनवरी, 2016 के द्वारा श्री सुरेश राम को उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अन्तर्गत औद्यानिक प्रशिक्षण शाखा के रसायन विज्ञान अनुभाग में श्रेणी–1 (उप निदेशक स्तर) वेतनमान ₹ 15600–39100+ग्रेड पे ₹ 6600 / – में प्रोन्नति प्रदान की गयी है।

2. इस सम्बन्ध में शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त लिये गये निर्णयानुसार श्री सुरेश राम, ऊतक पर्ण विश्लेषक श्रेणी–1 को पौधशाला विशेषज्ञ, कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, राजकीय उद्यान सर्किट हाउस, देहरादून में तैनात किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू माने जायेंगे तथा सम्बन्धित कार्मिक तद्नुसार तैनाती स्थल पर अपनी उपस्थिति सूचना प्रस्तुत कर कार्यभार प्रमाणक निदेशक उद्यान एवं शासन को उपलब्ध करायेंगे।

आज्ञा से,

डा0 रणवीर सिंह,
अपर मुख्य सचिव।

सचिवालय प्रशासन (अधि0) अनुभाग–1

कार्यालय–ज्ञाप

11 मई, 2016 ई0

संख्या 813/XXXI(1)/2016–एतद्द्वारा तात्कालिक प्रभाव से सचिवालय प्रशासन (अधि0) अनुभाग–1 के कार्यालय आदेश संख्या–UO/35/XXXI(1)/2008, दिनांक 20 अक्टूबर, 2008 को संशोधित करते हुए सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत आवेदकों से प्रार्थना पत्र संकलित करने, सूचना शुल्क जमा करने एवं प्राप्त आवेदनों को सम्बन्धित विभागों के लोक सूचना अधिकारियों/अपीलीय अधिकारियों को उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रवेश–पत्र कार्यालय में संचालित सिंगल विन्डो व्यवस्था से सम्बन्धित समस्त कार्य 'सचिवालय प्रशासन (विविध) अनुभाग–04 को आवंटित करते हुए अनुभाग अधिकारी, सचिवालय प्रशासन (विविध) अनुभाग–04 को केन्द्रीयकृत सहायक लोक सूचना अधिकारी नामित किया जाता है।

2. आगुन्तकों की सुविधा एवं सचिवालय परिसर की सुरक्षा के दृष्टिगत सिंगल विन्डों व्यवस्था पूर्व की भाँति प्रवेश–पत्र कार्यालय भवन में ही सचिवालय प्रशासन (विविध) अनुभाग–04 के अधीन संचालित होगा।

3. उत्तराखण्ड सचिवालय के विभागों/अनुभागों के मध्य कार्य आवंटन विषयक सचिवालय प्रशासन विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या–1093/XXXI(1)/2006, दिनांक 28 अगस्त, 2006 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय।

डा0 रणवीर सिंह,
अपर मुख्य सचिव।

प्रोन्नति/विज्ञप्ति

13 मई, 2016 ई0

संख्या 863/XXXI(1)/2016–पदो0–30/15–उत्तराखण्ड सचिवालय सेवा संवर्ग के अन्तर्गत निम्नलिखित समीक्षा अधिकारियों को नियमित चयनोपरान्त अनुभाग अधिकारी, वेतनमान ₹ 15,600–39,100 ग्रेड वेतन ₹ 5400/– के रिक्त पदों पर कार्यभार ग्रहण किये जाने की तिथि से अस्थाई रूप से पदोन्नत करते हुए तालिका में उनके नाम के सम्मुख अंकित अनुभाग में तैनात किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय, सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

क्र0सं0	कार्मिकों के नाम	तैनाती का विभाग/अनुभाग
1.	श्री विनय अग्रवाल	गृह अनुभाग–8
2.	श्री रणवीर सिंह रावत	उद्यान एवं रेशम अनुभाग–01

2. उक्त पदोन्नति के फलस्वरूप अनुभाग अधिकारियों को 01 वर्ष की विहित परिवीक्षा पर रखा जाता है।

3. उक्त प्रोन्नति रिट याचिका संख्या 1997/2013 (एस/एस) धर्मेन्द्र कुमार द्विवेदी व अन्य बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य, रिट याचिका संख्या 146 एस0बी0/2014, दिनेश कुमार व अन्य बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य, मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका 22122/2013 सुनील कुमार मिश्रा बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य, मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड, नैनीताल में रिट याचिका संख्या 270 (एस0बी0)/2015 शैलेन्द्र कुमार पन्त बनाम राज्य व अन्य, रिट याचिका संख्या 271 (एस0बी0)/2015, संजीव कुमार शर्मा बनाम राज्य व अन्य रिट याचिका संख्या 272 (एस0बी0)/2015, रावेन्द्र कुमार चौहान बनाम राज्य व अन्य, रिट याचिका संख्या 273 (एस0बी0)/2015, धर्मेन्द्र सिंह पयाल बनाम राज्य व अन्य एवं रिट याचिका संख्या 274 (एस0बी0)/2015, ललित मोहन आर्य बनाम राज्य व अन्य के अतिरिक्त मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, उ0प्र0 में योजित स्पेशल अपील संख्या–31/2005 में पारित निर्णय दिनांक 08–05–2015, के विरूद्ध मा0 उच्चतम न्यायालय में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या–23254/2015 हरिशंकर तिवारी व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य एवं उ0प्र0 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 08–09–2015 के परिपेक्ष्य में मा0 उच्च न्यायालय की खण्डपीठ लखनऊ में योजित रिट याचिका संख्या–5828 (एस/एस)/2015 डा0 किशोर टण्डन व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य तथा अन्य योजित रिट याचिकाओं में मा0 न्यायालयों के पारित अंतिम निर्णयों के अधीन है।

उपरोक्त अनुभाग अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी तैनाती के विभाग/अनुभाग में अनुभाग अधिकारी के पद पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करते हुए सचिवालय प्रशासन (अधि0) अनुभाग–01 को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

आज्ञा से,

डा0 रणवीर सिंह,

अपर मुख्य सचिव।

गृह अनुभाग–3

अधिसूचना

02 अप्रैल, 2016 ई0

संख्या 648/XX–3–2016–13(14)2016–श्री राज्यपाल महोदय, दिल्ली विशेष पुलिस अवस्थापना अधिनियम, 1946 (अधिनियम संख्या 25, वर्ष 1946) की धारा–6 के अनुसरण में श्री हरक सिंह रावत द्वारा महामहिम श्री राज्यपाल महोदय को प्रेषित शिकायती पत्र में मा0 मुख्यमंत्री जी की वीडियों रिकोर्डिंग उपलब्ध करायी गयी है, जिसमें मा0 मुख्यमंत्री जी एक वीडियों रिकोर्डिंग में "Horse Trading" करते पाये गये हैं तथा जिसमें उनके द्वारा असंतुष्ट विधायकों को धन एवं पद का प्रलोभन दिया गया है। मा0 मुख्यमंत्री द्वारा असंतुष्ट विधायकों तथा उनके पारिवारिक सदस्यों को धमकी भी दी गयी है।

2–यह भी उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत प्रकरण में श्री हरक सिंह रावत, पूर्व मंत्री द्वारा मा0 पूर्व मुख्यमंत्री पर जो आरोप लगाये गये हैं, उसके सम्बन्ध में प्रदेश के किसी भी जनपद में कोई भी मुकदमा पंजीकृत होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

3–अतः मा0 हरक सिंह रावत द्वारा मा0 पूर्व मुख्यमंत्री, श्री हरीश रावत पर लगाये गये आरोपों के अन्वेषण तथा उपरोक्त अपराध से जुड़े हुये या सम्बन्धित प्रयासों, दुष्प्रेरणों और षड़यंत्रों तथा उसी संव्यवहार के अनुक्रम में किये गये अथवा वर्णित वाद के उन्हीं तथ्यों से उद्भूत किसी अन्य अपराध अथवा अपराधों के अन्वेषणों के लिए सम्पूर्ण उत्तराखण्ड राज्य में दिल्ली विशेष पुलिस अवस्थापना के सदस्यों की शक्तियों और अधिकारिता के विस्तार की सहमति प्रदान करते हैं।

उत्तराखण्ड के राज्यपाल के आदेश अथवा उनकी ओर से,

डॉ0 उमाकान्त पंवार,

प्रमुख सचिव।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of "the Constitution of India", the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification **No. 648/XX(3)-2016-13(14)2016,** dated April 02, 2016 for general information.

NOTIFICATION

April 02, 2016

No. 648/XX(3)-2016-13(14)2016--In pursuance of the provisions of Section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (Act No. 25 of 1946), the Governor of the State of Uttarakhand is pleased to accord consent to the extention of powers and jurisdiction of the members the Delhi Special Police Establishment to the whole of the State of Uttarakhand for the investigation of the complaint of Horse Trading and Threatening to Mr. Harak Singh Rawat, Former Cabinet Minister, Uttarakhand Government allegedly by Shri Harish Rawat, Former Chief Minister, Uttarakhand.

2. No. F.I.R. have been registered in this matter any police Station in Uttarakhand. The above mentioned offence and any other offence of offences committed in the course of the same transaction or/and arising out of the same facts of the said case.

By Order and in the Name of the Governor of Uttarakhand,

Dr. UMAKANT PANWAR,

Principal Secretary, Home.

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of "the Constitution of India", the Governor is pleased to order the publication of following English translation of Notification **No. 882/XX(3)-2016-13(14)2016,** dated May 05, 2016 for general information.

HOME SECTION-3

Corrigendum

May 05, 2016

No. 882/XX(3)-2016-13(14)2016--In pursuance of the provisions of Section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (Act No. 25 of 1946), the Governor of the State of Uttarakhand is pleased to accord consent to the extention of powers and jurisdiction of the members the Delhi Special Police Establishment to the whole of the State of Uttarakhand for the investigation of the complaint by Shri Harak Singh Rawat, Former Cabinet Minister, Uttarakhand Government sent to the Hon'ble Governor, State of Uttarakhand along with video recording related to "Horse Trading" and threatening to dissident MLAs and their family members besided offering office and money to them, allegedly by Shri Harish Rawat, the then Chief Minister, Uttarakhand Government and any other offence of offences committed in the course of same transaction or/and arising out of the same facts.

By Order and in the Name of the Governor of Uttarakhand,

Dr. UMAKANT PANWAR,
Principal Secretary, Home.

May *15, 2016*

No. 910/XX(3)-2016-13(14)2016--In pursuance of the provisions of Section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (Central Act) the State Government hereby withdraws with immediate effect the earlier consent accorded as per Notification No. 648/XX(3)-2016-13-(14)2016, dated 02 April, 2016 and corrigendum Notification No. 882/XX(3)-2016-13(14)2016 dated May 05, 2016 for the extension of powers and jurisdiction of the members of Delhi Special Police Establishment Act to the whole of State of Uttarakhand for the investigation of the complaint by Shri Harak Singh Rawat, Former Cabinet Minister, Uttarakhand Government.

The State Government considers it necessary in public interest to order an inquiry/investigation of this case by a Special Investigation Team (SIT) of the State Government. Hence this notification.

By Order.

Dr. UMAKANT PANWAR,
Principal Secretary, Home.

गृह अनुभाग–4

कार्यालय–ज्ञाप

शुद्धि–पत्र

18 मई, 2016 ई0

संख्या 484/बीस–4/2016–1(60)/2013–शासन की अधिसूचना संख्या–193/बीस–4/2016–1(60)/2013, दिनांक 26–02–2016 के द्वारा उत्तराखण्ड कारागार उप कारापाल अधीनस्थ (अराजपत्रित) सेवा नियमावली, 2015 प्रख्यापित की गयी है। शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–201/बीस–4/2016–1(60)/2013, दिनांक 29–02–2016 के द्वारा उक्त नियमावली के प्रख्यापन की सूचना निर्गत की गयी है। उक्त अधिसूचना संख्या 193/बीस–4/2016–1(60)/2013, दिनांक 26–02–2016 में लिपिकीय त्रुटिवश नियमावली का नाम उत्तराखण्ड कारागार उप कारापाल अधीनस्थ (अराजपत्रित) सेवा नियमावली, 2015 टंकित हो गया है।

2–अतः उक्त अधिसूचना दिनांक 26–02–2016 में उल्लिखित उत्तराखण्ड कारागार उप कारापाल अधीनस्थ (अराजपत्रित) सेवा नियमावली, 2015 को संशोधित करते हुये उत्तराखण्ड कारागार उप कारापाल अधीनस्थ (अराजपत्रित) सेवा नियमावली, 2016 किया जाता है।

कृपया उक्त नियमावली को इस सीमा तक संशोधित समझा जाय।

अधिसूचना

प्रकीर्ण

25 फरवरी, 2016 ई0

संख्या 193/बीस–4/2016–1(60)/2013–श्री राज्यपाल महोदय, 'भारत का संविधान' के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग तथा इस विषय में समस्त विद्यमान नियमों और आदेशों का अधिक्रमण करते हुए उत्तराखण्ड कारागार उप कारापाल अधीनस्थ (अराजपत्रित) सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की, सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

उत्तराखण्ड कारागार उप कारापाल अधीनस्थ (अराजपत्रित) सेवा नियमावली, 2016

भाग–एक–सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1. 1 इस नियमावली का संक्षिप्त नाम "उत्तराखण्ड कारागार उप कारापाल अधीनस्थ (अराजपत्रित) सेवा नियमावली, 2016" है।

2 यह तुरन्त प्रवृत्त होगी ।

सेवा की प्रास्थिति

2. उत्तराखण्ड कारागार उप कारापाल अधीनस्थ (अराजपत्रित) सेवा है। जिसमें समूह 'ग' के पद समाविष्ट हैं,

परिभाषाएं

3. जब तक विषय या संदर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, इस नियमावली में :–

(क) **"नियुक्ति प्राधिकारी"** से महानिरीक्षक कारागार, उत्तराखण्ड अभिप्रेत है,

(ख) **"भारत का नागरिक"** से ऐसे व्यक्ति अभिप्रेत हैं जो संविधान के भाग–दो के अधीन भारत का नागरिक हो या समझा जाये,

(ग) **"आयोग"** से लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड अभिप्रेत है,

(घ) **"संविधान"** से भारत का संविधान अभिप्रेत है,

(ड़) **"सरकार"** से उत्तराखण्ड राज्य सरकार अभिप्रेत है,

(च) **"राज्यपाल"** से उत्तराखण्ड के राज्यपाल अभिप्रेत हैं,

(छ) **"महानिरीक्षक"** से महानिरीक्षक कारागार, उत्तराखण्ड अभिप्रेत है,

(ज) **"सेवा के सदस्य"** से उप कारापाल संवर्ग के पद पर इस नियमावली के या इस नियमावली के प्रारम्भ के पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है,

(झ) **"सेवा"** से उत्तराखण्ड कारागार उप कारापाल अधीनस्थ (अराजपत्रित) सेवा अभिप्रेत है, और

(ञ) **"भर्ती का वर्ष"** से किसी कैलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि अभिप्रेत है।

भाग–दो–संवर्ग

सेवा का संवर्ग

4. (1) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी राज्यपाल द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाये ।

(2) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या, जब तक कि उप–नियम (1) के अधीन उसमें परिवर्तन करने के आदेश न दिये जायें, **परिशिष्ट 'क'** में दी गयी है, परन्तु यह कि –

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकता है या राज्यपाल उसे आस्थगित रख सकते हैं, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार नहीं होगा, या

(दो) राज्यपाल समय–समय पर ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते हैं जिन्हें वह उचित समझे।

भाग–तीन–भर्ती

भर्ती का स्रोत

5. सेवा में उप कारापाल के पद पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी–

(एक) 75% प्रतिशत आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा,

(दो) 25% मौलिक रूप से नियुक्त प्रधान बंदीरक्षक में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली गयी हो और उप कारापाल पद पर पदोन्नति के समय बंदीरक्षक के पद पर भर्ती हेतु लागू न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारित करता हो, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

आरक्षण

6. उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछडा वर्ग की श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त राज्य सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

भाग–चार–अर्हताएं

राष्ट्रीयता

7. सेवा में उप कारापाल के पद पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी –

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो जो भारत में स्थायी रूप में निवास करने के अभिप्राय से पहली जनवरी 1962 के पूर्व भारत आया हो, या

(ग) भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी रूप से निवास करने के अभिप्राय से पाकिस्तान, बर्मा, सिलोन और केनिया, युगान्डा और यूनाइटेड रिपब्लिक आफ तन्जानिया (पूर्ववर्ती तांगनिका और जंजीवार) के किसी पूर्वी अफ्रीकी देश से प्रवजन किया हो,

परन्तु उपर्युक्त श्रेणी (ख) या (ग) का अभ्यर्थी ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो,

परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जायेगी कि वह पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तचर शाखा, उत्तराखण्ड द्वारा, स्वीकृत पात्रता का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ले,

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) का हो तो पात्रता का प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए जारी नहीं किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी का एक वर्ष की अवधि के आगे सेवा में प्रतिधारण उसके भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के अधीन होगा ।

टिप्पणी: ऐसे अभ्यर्थी को, जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण–पत्र आवश्यक हो किन्तु न तो वह जारी किया गया हो और न देने से इनकार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त पर अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि आवश्यक प्रमाण–पत्र या तो वह प्राप्त कर ले या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाये ।

शैक्षणिक अर्हता

8. उप कारापाल के पदों पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित अर्हतायें होनी चाहिए–

(एक) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता ।

(दो) देवनागरी लिपि में हिन्दी का कार्यकारी ज्ञान।

अधिमानी अर्हता

9. ऐसे अभ्यर्थी को जिसने–

(एक) प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूतम अवधि तक सेवा की हो, या

(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण–पत्र अथवा 'सी' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो,

अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा ।

सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण

10. उप कारापाल के पदों पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी का नाम उक्त पदों हेतु प्रकाशित विज्ञापन में आवेदन की अंतिम तिथि तक उत्तराखण्ड राज्य में स्थित किसी सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत हो।

आयु

11. उप कारापाल के पद पर सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उस कैलण्डर वर्ष की, जिसमें सीधी भर्ती के लिये रिक्तियां आयोग द्वारा विज्ञापित की जाये, पहली जुलाई को 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 42 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त न की हो,

परन्तु अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछडा वर्ग की श्रेणियों के जो सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जाये, अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी, जितनी विनिर्दिष्ट की जाये।

चरित्र

12. उप कारापाल के पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में नियोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो सके। इस सम्बन्ध में नियुक्ति प्राधिकारी अपना समाधान करेगा ।

टिप्पणी: संघ सरकार या किसी राज्य सरकार द्वारा या संघ सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण में किसी स्थानीय प्राधिकारी या किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगें। नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध व्यक्ति भी पात्र नहीं होंगे ।

वैवाहिक स्तर

13. उप कारापाल के पद पर नियुक्ति के लिए कोई ऐसा पुरूष अभ्यर्थी पात्र न होगा जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों या कोई ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो :

परन्तु, राज्यपाल किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकते हैं यदि उनका समाधान हो जायें कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण विद्यमान है।

शारीरिक स्वस्थता

14. (1) सेवा में किसी पद पर किसी अभ्यर्थी को तब तक सीधे नियुक्त नहीं किया जायेगा, जब तक कि मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो और वह किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त न हो जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की सम्भावना हो । किसी अभ्यर्थी की नियुक्ति के लिए अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने के पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वह मूलनियम 10 के अधीन बनाये गये और वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–दो, भाग दो से चार के अध्याय–तीन में दिये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करे।

परन्तु पदोन्नति द्वारा भर्ती किये गये अभ्यर्थी से स्वस्थता के प्रमाण–पत्र की अपेक्षा नहीं की जायेगी ।

(2) उप कारापाल के पद पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी निम्नलिखित न्यूनतम शारीरिक अर्हताएं होनी चाहिये –

(एक) **पुरूष** पर्वतीय क्षेत्र को छोड़कर सामान्य/पिछडी जाति तथा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिय ऊँचाई 165 से0मी0 और पर्वतीय क्षेत्र के अभ्यर्थियो के लिये ऊचाई 160 से0मी0 एव अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये ऊचाई 157.5 सेमी होनी चाहिये। पर्वतीय क्षेत्र को छोडकर सामान्य/पिछडी जाति तथा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये सीने की माप, छाती बिना फुलाये 78.8 सेमी तथा फुलाने पर 83.8 सेमी, पर्वतीय क्षेत्र एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये बिना फुलाये 76.3 सेमी तथा फुलाने पर 81.3 सेमी होनी चाहिये। दृष्टि–6/6

(दो) **महिला**– पर्वतीय क्षेत्र को छोडकर सामान्य/पिछडी जाति तथा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये ऊँचाई 152 से0मी0 और पर्वतीय क्षेत्र एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये ऊचाई 147 सेमी होनी चाहिये। सभी के लिए वजन न्यूनतम 45 किलोग्राम अनिवार्य है। दृष्टि–6/6

टिप्पणी: अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा के लिए विनियम वही होंगें जो सरकार द्वारा समय–समय पर विहित किये जाये।

भाग–पाँच–सीधी भर्ती की प्रक्रिया

रिक्तियों की अवधारणा

15. नियुक्ति प्राधिकारी वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम 6 के अधीन उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछडे वर्ग की श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जाने वाली, रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा और उसकी सूचना आयोग को देगा ।

उप कारापाल के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया

16. (1) प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति के लिये आवेदन–पत्र आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में प्रकाशित प्रपत्र में आयोग द्वारा आमंत्रित किये जायेंगे।

(2) किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में तब तक सम्मिलित नहीं किया जायेगा जब तक कि उसके पास आयोग द्वारा जारी किया गया प्रवेश–पत्र न हो।

(3) लिखित परीक्षा का परिणाम प्राप्त हो जाने और सारणीबद्ध कर लिये जाने के पश्चात् आयोग नियम 6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछडा वर्ग की श्रेणियों के अभ्यर्थियों का सम्यक् प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये लिखित परीक्षा के परिणाम पर उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिये आमंत्रित करेगा जितनी इस सम्बन्ध में आयोग द्वारा निर्धारित स्तर तक पहुंच सके हों। प्रत्येक अभ्यर्थी को साक्षात्कार में दिया गया अंक उसके द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त किये गये अंकों के साथ जोड़ दिया जायेगा।

(4) आयोग, अभ्यर्थियों को उनकी प्रवीणता के क्रम में जैसा कि लिखित परीक्षा व साक्षात्कार में प्राप्त प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किये गये अंकों के योग से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगा और उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को जितनी वह नियुक्ति के लिये उचित समझे, संस्तुत करेगा। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी योग में बराबर–बराबर अंक प्राप्त करें तो लिखित परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जायेगा। आयोग सूची को नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगा।

उप–जेलर के पद पर प्रोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया

17. पदोन्नति द्वारा भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये **ज्येष्ठता** के आधार पर समय–समय पर यथासंशोधित उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग से सपरामर्श चयनोन्नति (प्रक्रिया) नियमावली 2003 के अनुसार की जायेगी।

संयुक्त चयन सूची

18. यदि भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों द्वारा की जाये तो एक संयुक्त चयन सूची तैयार की जायेगी जिसमें अभ्यर्थियों के नाम सुसंगत सूचियों से इस रीति से लेकर रखे जायेगें कि विहित प्रतिशत बना रहे, सूची में पहला नाम पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्ति का होगा।

भाग–छः–नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियुक्ति

19. (1) उप नियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुये नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों के नाम उसी क्रम में लेकर जिसमें वे, यथास्थिति नियम 15 16 तथा 17 के अधीन तैयार की गयी सूची में आये हों, नियुक्तियां करेगा।

(2) जहां भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों द्वारा की जानी हो तो नियमित नियुक्तियां तब तक नहीं की जायेगी जब तक कि दोनों स्रोतों से चयन न कर लिया जाये और एक संयुक्त चयन सूची नियम 18 के अनुसार तैयार न कर ली जाये।

(3) यदि किसी एक चयन के सम्बन्ध में नियुक्ति के एक से अधिक आदेश जारी किये जायें तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा जिसमें व्यक्तियों के नामों का उल्लेख ज्येष्ठताक्रम में किया जायेगा जैसी यथा स्थिति, चयन में अवधारित की जाय या जैसी कि उस संवर्ग में हो जिसमें से उन्हें पदोन्नत किया गया हो। यदि नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों द्वारा की जाये तो नामों को नियम 17 में निर्दिष्ट क्रम के अनुसार रखा जायेगा।

परिवीक्षा

20. (1) सेवा में किसी पद पर मौलिक रिक्ति में या उसके प्रति नियुक्ति किये जाने पर प्रत्येक व्यक्ति को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जायेगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे कारणों से जो भी अभिलिखित किये जायेंगे, अलग–अलग मामलों में परवीक्षा अवधि को बढ़ा सकता है जिसमें ऐसा दिनांक विनिर्दिष्ट किया जायेगा जब तक कि अवधि बढ़ायी जाये।

परन्तु आपवादिक कारणों के सिवाय, परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष की सीमा से अधिक नहीं बढ़ायी जायेगी।

(3) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या संतोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है तो उसे उसके मौलिक पद पर, यदि कोई हो प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।

(4) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति जिसे उप नियम–3 के अधीन प्रत्यावर्तित किया जाय या जिसकी सेवायें समाप्त की जाये, किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी संवर्ग में सम्मिलित किसी पद पर या किसी समकक्ष या उच्च पद पर स्थानापन्न या अस्थायी रूप से की गयी निरन्तर सेवा की परिवीक्षा की संगणना करने के प्रयोजनार्थ गणना करने की अनुज्ञा दे सकता है।

स्थायीकरण 21. (1) उप नियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुये किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के अन्त में उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा, यदि--

(क) उसने विहित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया हो,

(ख) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया जाये,

(ग) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कर दी जाये, और

(घ) नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जो कि वह स्थायी किये जाने के लिये अन्यथा उपयुक्त है ।

(2) जहां उत्तराखण्ड राज्य के सेवकों की स्थायीकरण नियमावली, 2002 के उपबन्धों के अनुसार स्थायीकरण आवश्यक नहीं है वहां उस नियमावली के नियम 5 के उपनियम (3) के अधीन घोषणा करते हुये आदेश कि सम्बन्धित व्यक्ति ने परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, स्थायीकरण का आदेश समझा जायेगा ।

ज्येष्ठता 22. मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता समय--समय पर यथा संशोधित उत्तराखण्ड सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 2002 के अनुसार अवधारित की जायेगी ।

भाग--सात--वेतन आदि

वेतनमान 23. सेवा मे किसी पद पर नियुक्त व्यक्तियों का वेतनमान ऐसा होगा, जैसा सरकार द्वारा समय--समय पर अवधारित किया जाये। इस नियमावली के प्रारम्भ के समय प्रवृत्त वेतनमान संलग्न 'क' में दिया गया है।

परिवीक्षा अवधि में वेतन 24. वित्तीय हस्तपुस्तिका में किसी प्रतिकूल उपबन्ध के होते हुये भी, परिवीक्षाधीन व्यक्ति को, यदि वह पहले से स्थायी सरकारी सेवा में न हो, समयमान--वेतनमान के रूप में उसको प्रथम वेतनवृद्धि तभी दी जायेगी जब उसकी एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली हो, विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, और प्रशिक्षण जहां विहित हो, प्राप्त कर लिया हो, और द्वितीय वेतनवृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात् तभी दी जायेगी जब उसने परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली हो और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो।

परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाये तो इस प्रकार बढ़ायी गई अवधि की गणना वेतन--वृद्धि के लिये तब तक नहीं की जायेगी जब कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दें।

ऐसे व्यक्ति का जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन, सुसंगत मूल नियमों द्वारा विनियमित होगा।

परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाये तो इस प्रकार बढ़ायी गई अवधि की गणना वेतन--वृद्धि के लिये तब तक नहीं की जायेगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दे।

ऐसे व्यक्ति का, जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन राज्य के कार्यालय के सम्बन्ध में सामान्यतया सेवारत सरकारी सेवकों पर लागू होने वाले सुसंगत नियमों द्वारा विनियमित होगा।

भाग–आठ–विविध

पक्ष समर्थन

25. इस नियमावली के अधीन अपेक्षित सिफारिश से भिन्न किसी अन्य सिफारिश पर चाहे लिखित हो या मौखिक, विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिये अनर्ह कर देगा ।

अन्य विषयों का विनियमन

26. ऐसे विषयों के सम्बन्ध में जो विनिर्दिष्ट रूप से इस नियमावली या विशेष आदेशों के अन्तर्गत न आते हों सेवा में नियुक्त व्यक्ति राज्य के कार्य कलाप के संबंध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामन्यतया लागू होने वाले नियमों विनियमों और आदेशों द्वारा शासित होंगे।

सेवा की शर्तों में शिथिलता

27. जहां राज्य सरकार का समाधान हो जाये कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तो को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में अंनुचित कठिनाई होती है वहां वह उस मामले में लागू नियमों में किसी बात के होते हुये भी आदेश द्वारा उस नियम की अपेक्षाओं की उस सीमा तक और ऐसी शर्तो के अधीन रहते हुये जिन्हें वह मामले में न्याय संगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिये आवश्यक समझे अभिमुक्त या शिथिल कर सकती है :

परन्तु यदि कोई नियम आयोग के परामर्श से बनाया गया हो तो उस नियम की अपेक्षाओं को आयोग से पहले परामर्श किये बिना अभिमुक्त या शिथिल नहीं किया जायेगा ।

व्यावृत्ति

28. इस नियमावली में किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा जिनका इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछडा वर्ग की श्रेणियों के व्यक्तियों के लिये उपबन्ध किया जाना अपेक्षित हो।

परिशिष्ट — 'क'
(देखें नियम 4)

पद का नाम	पदों की संख्या		
	स्थायी	अस्थायी	योग
उप कारापाल	44	00	44

परिशिष्ट —'ख'

(देखें नियम 22)

पद का नाम	वेतनमान
उप कारापाल	रू0 9300–34800 ग्रेड वेतन– रू0 4200

आज्ञा से,

डॉ0 उमाकान्त पंवार,
प्रमुख सचिव।

In pursuance of the provisions of Article 309 of **"the Constitution of India"** the Governor is pleased to order the publication of following English translation of Notification **No. 193/XX-4/2016-1(60)/2013**, dated February 25, 2016 for general information.

NOTIFICATION

February 25, 2016

No. 193/XX-4/2016-1(60)/2013--In exercise of the powers conferred by the provision to article 309 of the Constitution of India and in supersession of all existing Rules and order on the subject, the Governor is pleased to make the following Rules regulating recruitment and the condition of service of persons appointed to the Uttarakhand Jail Executive Subordinate (Non-Gazetted) service.

THE UTTARAKHAND JAIL EXECUTIVE SUBORDINATE (NON – GAZETTED) SERVICES RULE, 2016

PART I
GENERAL

Short title and commencement 1 (1) These Rules may be called the Uttarakhand Jail Executive Subordinate (Non – Gazetted) Service Rules, 2016.

(2) They shall come into force at once.

Status of Service 2 The Uttarakhand Jail Executive Subordinate (Non – Gazetted) Services comprises Group 'C' posts.

Definitions 3 In these rules unless there is anything repugnant in the subject or context–

(a) "Appointing authority" means the Inspector General of Prisons, Uttarakhand;

(b) "Citizen of India" means a person who is or is deemed to be a citizen of India under Part II of the Constitution;

(c) "Commission" means the Public Service Commission, Uttarakhand.

(d) "Constitution" means the Constitution of India;

(e) "Government" means the State Government of Uttarakhand;

(f) "Governor" means the Governor of Uttarakhand;

(g) "Inspector General" means the Inspector General of Prisons, Uttarakhand;

(h) "Member of Service" means a person appointed in substantive capacity under these rules or orders in force prior to the commencement of these rules to a post in the cadre of the Service;

(i) "Service" means the Uttarakhand Jail Executive Subordinate (Non – Gazetted) Services; and

(j) "Year of Recruitment" means the period of twelve months commencing from the first day of July of a calendar year.

PART II
CADRE

Cadre of Service 4 1- The strength of the service and of each category of post shall be such as may be determined by the Governor from time to time.

2- The strength of the Service and of each category of posts therein shall, until orders varying the same are passed under sub-rule (1) shall be as given in Appendix 'A':

Provided that –

(i) The appointing authority may leave unfilled or the Governor may hold in abeyance any vacant post without entitling any person to payment or compensation, or

(ii) The Governor may create from time to time such additional permanent or temporary posts as he may consider proper

PART III
RECRUITMENT

